PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 231 ● भिलाई, सोमवार 23 मार्च 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### आयुर्वेद का जलवा दुनिया भर में, भारत बना न्यूट्रा हब

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारी उथल-पुथल का सामना कर रहे हैं। इस अस्थिरता के बीच भारत वैश्विक व्यापार के केंद्र में मजबूती से उभरा है। हाल ही में यूरोप के साथ हुआ अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक समझौता, जिसे मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स कहा जा रहा है, मुक्त व्यापार के नए रास्ते खोल रहा है। इसके साथ ही, अमेरिका-भारत के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने टैरिफ संबंधी बाधाओं को कम कर दिया है, जिससे अमेरिकी उत्पादों की भारत में पहुंच आसान होगी। हालांकि, 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कुछ टैरिफ को गैरकानूनी करार दिया, लेकिन यह स्पष्ट है कि मुक्त व्यापार का दौर करवट ले रहा है और दुनिया के कई देश अब भारत जैसे भरोसेमंद व्यापारिक साझेदार तलाश रहे हैं। पश्चिमी देशों के न्यूट्रास्यूटिकल्स (पोषण और स्वास्थ्य उत्पाद) बाजार के लिए भारत और चीन रीढ़ की तरह हैं, क्योंकि इन देशों में 80% से ज्यादा कच्चे माल की सप्लाई एशिया से ही होती है।

### पंजाब पुलिस ने किया म्यूल अकाउंट रैकेट का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार, 20 लाख रुपए फ्रीज

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। राज्य साइबर अपराध विंग ने विदेशी हैंडलर्स से जुड़े म्यूल खाता गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह ने धोखाधड़ी से कमाए गए पैसों को इधर-उधर करने में मदद की। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी जाली दस्तावेज के आधार पर बैंक खाते खुलवाते थे। उन्होंने नकली कंपनियां चलाकर ऐसे खाते उपलब्ध कराए। इन खातों के जरिए ठगी के पैसों को लेन-देन किया जाता था, जिसे मनी लॉन्ड्रिंग कहा जाता है। पिछले दो साल में उन्होंने इस काम से कमीशन कमाया। गिरोह ने हजारों लोगों को ठगने में भूमिका निभाई और करोड़ों रुपए की ठगी में शामिल रहा। पुलिस ने बैंक खातों में जमा बीस लाख रुपए फ्रीज कर दिए गए। इसके अलावा पांच हजार एक सौ अमेरिकी डॉलर मूल्य की डिजिटल मुद्रा (क्रिप्टोकरेंसी), तेईस एटीएम कार्ड, दो लैपटॉप, सात मोबाइल फोन, पांच सिम कार्ड, जाली पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज, चौदह चेक बुक तथा कई मोहरें जब्त की गईं।

### पंजाब के कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पंजाब राज्य वेयरहाउस निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कैबिनेट मंत्री का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पंजाब में वेयरहाउस विभाग के एक अधिकारी की आत्महत्या के मामले में इस्तीफा लिया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश भी दिए हैं।

---

खल्लारी माता मंदिर की पहाड़ी पर हादसा

## दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का रोपवे टूटा, महिला की मौत

**महासमुंद। संवाददाता**

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन और धार्मिक स्थल खल्लारी मंदिर में आज सुबह हुई रोपवे दुर्घटना में 16 लोग घायल हो गए, जबकि राजधानी रायपुर के राजा तालाब इलाके की 28 वर्षीय महिला आयुषी की मौत हो गई। चार गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कलेक्टर विनय लंगेह ने घटना की बारीकी से जांच करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों की जानकारी भी जारी की गई है। जानकारी के अनुसार, चैत्र नवरात्रि के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। रोपवे का केबल टूटने से ट्रॉली लगभग 20 फीट नीचे गिर गई और चट्टान से टकराई। हादसा सुबह 11:00 बजे हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारी एसडीएम नमिता मार्कोले, तहसीलदार नितिन ठाकुर सहित पुलिस और राजस्व विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बागबाहरा में भर्ती करवाया गया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा, घायलों का उपचार हमारी प्राथमिकता है। घटना की बारीकी से जांच कराई जाएगी ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। वर्तमान में घायलों के उपचार,



समुचित देखभाल और आवश्यक सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। घायल लोगों की सूची एसडीएम नमिता मार्कोले के अनुसार घायलों में शामिल हैं: महासमुंद: गोविंद स्वामी, नमिता स्वामी, अंशुका स्वामी टिकरापारा, रायपुर: हेमलाल नागेश्वर, रतन नागेश्वर, हेमिन, हुलसी, पूर्वी, टिया, अमलेश दलदल सिवनी, रायपुर: टोमेश्वरी साहू, कुमेश साहू, हर्ष साहू राजा तालाब, रायपुर: ऋषभ धावरे, छ्यांश, मनस्वी मृतक: आयुषी (राजा तालाब, रायपुर) जिला प्रशासन ने स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं और सभी घायलों को बेहतरीन उपचार और आवश्यक सहायता देने का भरोसा दिलाया है। यह घटना खल्लारी थाना क्षेत्र में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का रोपवे करीब 200 से 300 फीट की ऊंचाई पर अचानक तार टूटने के कारण नीचे गिर गया। आने और जाने के दोनों रोपवे में करीब 13 लोग सवार थे। तार टूटने की इस घटना ने रोपवे के रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। घायलों को तत्काल उपचार के लिए बागबाहरा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायलों में से कुछ को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्य अस्पतालों में रेफर किया जा सकता है।

### *खल्लारी रोप वे हादसे को मुख्यमंत्री साय ने बताया 'दुखद' कहा- जांच के बाद दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाइ*



*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महासमुंद जिला स्थित प्रसिद्ध खल्लारी मंदिर में आज सुबह हुए रोप-वे हादसे को दुखद बताया. उन्होंने कहा कि घटना की जांच के बाद दोषियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कवर्धा और बलौदाबाजार जिले के दौरे पर रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा की. उन्होंने बताया कि कवर्धा में लोधी समाज द्वारा अवंति बाई की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें शामिल होंगे. इसके अलावा बलौदाबाजार में गोंडवाना समाज की ओर से आयोजित आदर्श विवाह समारोह में शामिल होंगे.*

---

ट्रंप की चेतावनी के बाद भी नहीं बदले ईरान के तेवर

## दुश्मन नहीं, सिर्फ दोस्तों के लिए खुलेगा होर्मुज

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर नई सियासी और सैन्य हलचल तेज हो गई है। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह इस अहम समुद्री रास्ते को पूरी तरह बंद नहीं करेगा, लेकिन दुश्मन देशों के लिए इसे सीमित कर सकता है। हालांकि ट्रंप ने इस होर्मुज के रास्ते को खोलने के लिए चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद ईरान ने अपने दुश्मन देशों के लिए होर्मुज का रास्ता खोलने से इनकार कर दिया। ईरान के प्रतिनिधि अली मौसवी ने कहा है कि विदेशी जहाज होर्मुज से गुजर सकते हैं, लेकिन उन्हें ईरान के साथ समन्वय करना होगा। उन्होंने



यह भी साफ किया कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा जो ईरान के विरोधी नहीं हैं। उनका कहना है कि मौजूदा तनाव की जड़ अमेरिका और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में हालात बिगड़े हैं।

---

बड़ी लापरवाही

## संजय वन वाटिका में कुत्तों के काटने से 15 हिरणों की मौत, प्रबंधन ने चुपचाप जलाए शव, घटना की होगी जांच

**अंबिकापुर।** नगर स्थित संजय वन वाटिका में कुत्तों के काटने से 15 हिरणों की मौत की खबर है. डीएफओ अभिषेक जोगावत ने घटना की पुष्टि करते हुए जांच के लिए टीम गठित कर दो दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है. जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले संजय वन वाटिका में 4-5 कुत्तों ने बाड़े में घुसकर हिरणों पर हमला किया था, जिसमें 15 हिरणों की मौत हो गई. वाटिका प्रबंधन ने घटना को दबाने के लिए पीछे जंगल में चुपचाप 14 हिरणों के शव को भी जला दिया. घटना की जानकारी मिलने पर डीएफओ अभिषेक जोगावत मौके पर पहुंचे. बाड़े में एक हिरण का शव पाया गया, वहीं जंगल के पीछे हिरण को जलाने के सबूत सामने आए हैं. डीएफओ जोगावत ने इस घटना के लिए वाटिका प्रबंधन के साथ-साथ वन विभाग की भी लापरवाही को जिम्मेदार बताया. उन्होंने घटना की जांच के लिए एसडीओ के नेतृत्व में जांच टीम का गठन करते हुए दो दिन के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है.नगर स्थित संजय वन वाटिका में आवारा कुत्तों के हमले में 15 हिरणों की मौत के मामले में मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वनवृत्त



दिलराज प्रभाकर ने कार्रवाई करते हुए वन वाटिका के प्रभारी के साथ तीन सहायकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. निलंबन अवधि में इन अधिकारियों का मुख्यालय सरगुजा वनमंडल, अंबिकापुर निर्धारित किया गया है. मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वनवृत्त दिलराज प्रभाकर द्वारा 21 मार्च को जारी आदेश में शासकीय कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही और वन प्राणियों के संरक्षण, संवर्धन में घोर उदासीनता पाए जाने पर उपवनक्षेत्रपाल (एससीएफओ) एवं प्रभारी संजय वन वाटिका अशोक सिन्हा, वनपाल (सीएफओ) सहायक, संजय वन वाटिका ममता परते, वनपाल (सीएफओ) प्रतिमा लकड़ा और वनपाल (सीएफओ) बिन्दु सिंह को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. निलंबन आदेश में बताया गया है कि आवारा कुत्तों के काटने से संजय वन वाटिका में रखे 14 हिरण प्रजाति की मौत हुई है. इसमें एक नर कोटरा, 5 मादा कोटरा, एक नर चीतल, 5 मादा चीतल और दो नर चौसिंघा की मौत हुई है.

---

मिडिल ईस्ट जंग पर पीएम मोदी की हाईलेवल मीटिंग

## ऊर्जा संकट से निपटने के लिए भारत 'सुपर अलर्ट-पीएम मोदी

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में जारी भीषण युद्ध के बीच भारत सरकार पूरी तरह से 'सुपर अलर्ट' मोड पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम वरिष्ठ मंत्रियों के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। इस बैठक का मुख्य एजेंडा युद्ध के कारण भारत पर पड़ने वाले संभावित आर्थिक और ऊर्जा प्रभावों की समीक्षा करना है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि वैश्विक तनाव के बावजूद देश के आम नागरिकों को कोई परेशानी न हो। इस बैठक के दौरान सरकार मुख्य रूप से पेट्रोलियम, कच्चा तेल,



बिजली और खाद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेगी। इन चारों क्षेत्रों का सीधा संबंध आम आदमी की रसोई, परिवहन व्यवस्था और देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था से है। प्रधानमंत्री यह सुनिश्चित करेंगे कि युद्ध की स्थिति में भी इन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला में कोई बाधा न आए। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजार और समुद्री व्यापारिक मार्गों पर बड़ा खतरा पैदा कर दिया है। दुनिया के कुल तेल और गैस की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी होर्मुज जलडमरूमध्य के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से होती है। ईरान द्वारा इस मार्ग को बंद करने की धमकियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों को तेजी से बढ़ा दिया है। वर्तमान में युद्ध की स्थिति के कारण सैकड़ों तेल और गैस से लदे जहाज समुद्र के बीच में ही फंसे हुए दिखाई दे रहे हैं। सप्लाई चैन बाधित होने से भारत जैसे उन देशों के लिए बड़ी चुनौती पैदा हो गई है।

---

### अगर गैस की कोई कमी नहीं तो लोगों की लाइन क्यों लगी है:भूपेंद्र सिंह

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने देशभर में गैस की किल्लत पर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा है कि अगर सरकार कोई किल्लत न होने की बात कह रही तो फिर जगह-जगह लोगों की लाइनें क्यों लगी हैं? हुड्डा ने देशभर की तरह हरियाणा में रसोई गैस की कमी के लिए बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। क्योंकि सरकार की तरफ से स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। कई जगह कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह रोक दी गई है, जिसके कारण होटल, रेस्तरां, ढाबे, कैटरिंग और अन्य छोटे-बड़े व्यवसाय ठप पड़ गए हैं या बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कई जगह सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी में देरी हो रही है।

---

केरल में चुनावी बिसात बिछ चुकी

## राहुल गांधी कोझिकोड के समंदर से करेंगे केरल चुनावी शंखनाद..

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

दक्षिण भारत की राजनीति का केंद्र माने जाने वाले केरल में चुनावी बिसात बिछ चुकी है और अब दिग्गजों की सीधी एंट्री होने जा रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी आगामी 25 मार्च को कोझिकोड में एक विशाल जनसभा के जरिए यूडीएफ के अभियान का बिगुल फूंकेंगे। यह केवल एक चुनावी रैली नहीं है, बल्कि उस व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरुआत है जो केरल की 140 विधानसभा सीटों की किस्मत तय करने वाला है। राज्य



में 9 अप्रैल को मतदान होना है, और ऐसे में राहुल गांधी का यह दौरा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई जान फूंकने की एक बड़ी कोशिश माना जा रहा है। केरल की राजनीति में कोझिकोड हमेशा से एक रणनीतिक केंद्र रहा है, और यही वजह है कि कांग्रेस ने अपने अभियान की शुरुआत के लिए इस स्थान को चुना है। चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष रमेश चेन्निथला ने जानकारी दी है कि 25 मार्च की शाम को कोझिकोड बीच पर एक भव्य रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली का मुख्य आकर्षण राहुल गांधी द्वारा पेश किया जाने वाला 'गारंटी कार्ड' होगा। कांग्रेस इस कार्ड के जरिए मतदाताओं से कुछ ठोस वादे करने जा रही है, जो सीधे तौर पर लोगों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े होंगे। राहुल गांधी न केवल इन वादों पर विस्तार से बात करेंगे, बल्कि वे राज्यभर में ताबड़तोड़ दौरे कर यूडीएफके पक्ष में लहर बनाने की कोशिश करेंगे।

---

कतर में बड़ा हादसा

## सैन्य हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से 6 लोगों की मौत, एक लापता

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

मध्य पूर्व में जारी भारी तनाव के बीच खाड़ी देश कतर से एक दुखद खबर सामने आई है। कतर के क्षेत्रीय समुद्री इलाके में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें कम से कम छह लोगों की जान चली गई है। रविवार को कतर सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह हादसा 'तकनीकी खराबी' की वजह से हुआ। कतर के आंतरिक मंत्रालय ने पुष्टि की है कि इस हादसे के बाद एक व्यक्ति अभी भी लापता है, जिसकी तलाश के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना पर आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि हेलीकॉप्टर एक नियमित ड्यूटी पर था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए बयान में मंत्रालय ने कहा कि नियमित कार्य के दौरान कतर के एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण वह देश के ही समुद्री इलाके में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि तकनीकी खराबी किस स्तर की थी इसकी जांच के लिए एक उच्च स्तरीय टीम गठित किए जाने की संभावना है। हादसे की सूचना मिलते ही कतर प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि देश के उस क्षेत्र में विशेष टीमों को तैनात किया गया है। इस ऑपरेशन का नेतृत्व 'जनरल डायरेक्टोरेट ऑफ कोस्ट्स एंड बॉर्डर्स



सिक्योरिटी' की समुद्री खोज और बचाव टीम कर रही है। बचाव कार्य को और मजबूती देने के लिए आंतरिक सुरक्षा बल के 'कतर इंटरनेशनल सर्च एंड Rescue ग्रुप' को भी मैदान में उतारा गया है। ये दोनों ही टीमें चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों में जटिल बचाव मिशनों को संभालने का अनुभव रखती हैं। लापता व्यक्ति को ढूंढने के लिए आधुनिक उपकरणों और गोताखोरों की मदद ली जा रही है। यह दुर्घटना ऐसे समय में हुई है जब मध्य पूर्व में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। हालांकि, कतर के अधिकारियों ने अब तक इस हेलीकॉप्टर क्रैश और क्षेत्रीय संघर्ष के बीच किसी भी सीधे संबंध की पुष्टि नहीं की है। मंत्रालय ने अभी तक हताहत हुए लोगों की नागरिकता या उनकी पहचान उजागर नहीं की है। गौरतलब है कि हाल के हफ्तों में इस क्षेत्र में कई सैन्य गतिविधियां देखी गई हैं लेकिन प्रारंभिक जांच के आधार पर कतर ने इसे केवल एक तकनीकी विफलता ही करार दिया है। पूरे देश में इस घटना के बाद शोक की लहर है और सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की जा रही है।

---

### आंध्र प्रदेश में 'सफेद जहर' का कहर, मिलावटी दूध पीने से 16 की मौत

आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मिलावटी दूध के सेवन से उपजी त्रासदी ने अब तक 16 मासूम जिंदगियों को निगल लिया है। लालाचेरुवु, चौदेश्वरनगर और स्वरूपनगर जैसे इलाकों में मातम पसरा है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक स्थानीय डेयरी यूनिट से सप्लाई किए गए दूध में एथिलीन ग्लाइकॉल नामक घातक रसायन मिला होने की पुष्टि हुई है, जिसने पीने वालों की किडनी को सीधे तौर पर फेल कर दिया। इस त्रासदी की शुरुआत 22 फरवरी को हुई, जब नरसापुरम गांव की एक डेयरी यूनिट से लगभग 100 परिवारों को दूध पहुंचाया गया। दूध पीने के कुछ ही घंटों के भीतर बच्चों और बुजुर्गों समेत दर्जनों लोगों को उल्टियां होने लगीं और उनका पेशाब बंद हो गया।

# बस स्टैंड की बदहाली पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने खोला मोर्चा

## सीएमओ एवं नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

दल्लीराजहरा। नगर के बस स्टैंड की बदहाली पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मोर्चा खोला है। सीएमओ एवं नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की दल्ली राजहरा इकाई ने नगर की चरमराती व्यवस्थाओं और जनसमस्याओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। जिला सचिव अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में पार्टी ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, उपाध्यक्ष पिंटू दुबे को एक पत्र सौंपकर नगर के बस स्टैंड की दुर्दशा सुधारने हेतु अल्टीमेटम दिया है। शहर में बस स्टैंड की सुंदरता और व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई है। भाकपा का आरोप है कि वर्तमान में दल्ली राजहरा की सुंदरता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। बस स्टैंड के अंदर सड़कों के किनारे महीनों से पड़े



अवैध मलबे और बस स्टैंड की जर्जर हालत ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। जिला सचिव अनिल कुमार यादव ने स्पष्ट किया कि भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी हमेशा जन कल्याण कार्य करते हुए आम जनता की हर समस्या से प्रशासन को अवगत करता रहेगा और उनकी सुविधा के लिए हमेशा पार्टी के द्वारा के साथ खड़ा रहेगा। इस संबंध में भाकपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगरपालिका अध्यक्ष और सीएमओ से मुलाकात कर शहर की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और तत्काल समाधान की मांग की।

चर्चा के दौरान कामरेड राजेंद्र बेहरा, अमरीक सिंह, गौतम बेरा, अजय मिश्रा, हरीशंकर राव और आर. के. सोनटेके ने नगरपालिका प्रशासन को अवगत कराया कि वर्तमान में शहर की सुंदरता और जनसुविधाएं पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं। नेताओं ने स्पष्ट किया कि बस स्टैंड पर सड़कों का बुरा हाल है, नालियां जाम हैं और महीनों से पड़ा निर्माण कार्यों का मलबा दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। जिला सचिव अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में प्रशासन को जल्द से जल्द व्यवस्थित कदम उठाना पड़ेगा भाकपा नेताओं ने मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई, तो पार्टी स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर उनके हक के लिए आंदोलन करने की बात कही। इस अवसर पर जिला सचिव अनिल यादव के नेतृत्व में पार्टी के पार्टी के सभी कॉमरेड साथी राजेंद्र बेहरा, अजय मिश्रा,गौतम बेरा,अमरीक सिंह,इंद्र कुमार साहू,पवन खोबरागडे, हरीशंकर राव, आर.के. सोनटेके, प्रभात कुमार,पंकज ताम्रकार, सिराज,पूनम यादव, मीना श्रीवास साथ अन्य साथी उपस्थित रहे।

### प्रमुख मांगें और चर्चा के बिंदु

**सफाई और लाइट :** बस स्टैंड से तत्काल अवैध मलबा हटाकर वहां हाईमास्ट लाइट की सुविधा दी जाए।

**पेयजल व्यवस्था:** बढ़ती गर्मी को देखते हुए वाटर कूलर और सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध शीतल पेयजल का प्रबंध हो।

**महिला प्रसाधन:** बस स्टैंड और रैन बसेरा क्षेत्र में महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त पृथक शौचालयों का निर्माण प्राथमिकता पर हो।

**नाली व सड़क मरम्मत:** सड़कों के गड्ढों को भरने और नालियों की युद्धस्तर पर सफाई सुनिश्चित की जाए।

# ईद के मौके पर कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर दी मुबारकबाद



## ब्लॉक कांग्रेस ने ईदगाह पहुंचकर बांटी खुशियाँ

डोंगरगाँव नगर। ईद के पाक मौके पर कांग्रेस नेताओं ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात कर दिली मुबारकबाद दी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू सहित कांग्रेसजनों ने मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। ईदगाह में नमाज़ अदा करने के बाद बड़ी संख्या में लोग एक-दूसरे को मुबारकबाद दे रहे थे। इस दरम्यान कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं सहित कार्यकर्ताओं ने ईदगाह क माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि ईद का त्योहार हमें एकता, भाईचारे और आपसी समभाव का संदेश देता है, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस मौके पर मुस्लिम जमात के वरिष्ठों ने भी कांग्रेस नेताओं का इस्तकबाल किया। ईदगाह में मुबारकबाद देने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, डॉ. निरेंद साहू, संध्या साहू, अरुणा देवांगन, अखिलेश नखत, महेंद्र वैष्णव, दीपक देवांगन, टिंकू देवांगन, संदीप रत्नाकर, लक्ष्मी नारायण साहू, अमित ठाकुर, अब्दुल, प्रदीप रत्नाकर, चंद्रशेखर उइके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

# सरिया से भरी ट्रक पलटी, पुलिस को नीचे दबा मिला अवैध गांजा, फरार आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा। सरिया से भरी ट्रक पलटी होने की सुचना पर, बेमेतरा पुलिस को ट्रक के नीचे दबा भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला था इस प्रकरण में फरार आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विगत 03 दिसम्बर 2025 को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस को जरिये मुखबिर से सुचना मिली कि ग्राम बैजी टोल प्लाजा के पास बेमेतरा से कवर्धा नेशनल हाईवे 30 रोड किनारे ट्रक किनारे सीजी 04 एम 6804 खेत में पलटी हो गया है जिसमें सरिया भरा हुआ है ट्रक के डाला में 02 पैकेट नजर आ रहा है एवं ट्रक में कोई चालक नहीं है कि सूचना पर, उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के अधार पर ग्राम बैजी टोल प्लाजा के पास



पहुचकर देखा तो बेमेतरा से कवर्धा नेशनल हाईवे 30 रोड किनारे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम 6804 खेत में पल्टा हुआ, जिसमें सरिया भरा हुआ था उक्त ट्रक के सरिया भरे डाला में सामने की ओर एक आसमानी रंग के फटे हुए प्लास्टिक बोरी में रखे फटे हुए पैकेट से मादक पदार्थ गांजा जैसा दिखाई दे रहा था जो सरिया से दबा हुआ है मौके से आरोपी ट्रक का चालक फरार था। तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 83 किलो 950 ग्राम जुमला कीमती करीबन 8,39,500/- रुपये, वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम 6804 क्षतिग्रस्त कीमती करीबन 30 लाख रुपये, वाहन ट्रक में भरा हुआ सरिया, मादक पदार्थ गांजा भरने में उपयोग किया गया 03 प्लास्टिक के बोरी को जप्त किया गया था। आरोपी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 04 एम 6804 के फरार अज्ञात चालक अपने वाहन मे मादक पदार्थ गांजा अवैध परिवहन करते समय वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पलटी करना पाये जाने से अज्ञात आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट, 281 बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्य प्रारंभ किया। गया था प्रकरण में फरार अज्ञात चालक का पता तलाश किया जा रहा था।

### विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर 288 बच्चों का हुआ मुख स्वास्थ्य परीक्षण

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिला स्वास्थ्य विभाग, विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस बेमेतरा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन एवं सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू, राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विजया रमन के सक्रियता पर यह आयोजन शासकीय नवीन प्राथमिक शाला बेमेतरा वार्ड 11, वार्ड 21, शंकुल केंद्र पीकरी बेमेतरा एवं आंगनबाडी केंद्र वार्ड 18 में किया गया। इस अवसर पर कुल 288 बच्चों का मुख स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें सही तरीके से ब्रश करने के फायदे बताए गए।

# बिना पंजीकरण फल-फूल रहा प्रॉपर्टी कारोबार, अवैध कॉलोनियों का बेतहाशा विस्तार

कवर्धा। जिले में रियल एस्टेट सेक्टर पूरी तरह अनियंत्रित नजर आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिले में रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 (रेरा) के तहत एक भी प्रॉपर्टी डीलर का पंजीकरण दर्ज नहीं है, जबकि जमीन की खरीदी-बिक्री और कॉलोनियों का विस्तार लगातार जारी है। जानकारी के अनुसार, जिले के कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिना अनुमति और नियमानुसार स्वीकृति के अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता और नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद खसरा विभाजन (प्लॉटिंग) तेजी से बढ़ रहा है, जिससे राजस्व रिकॉर्ड में असामान्य वृद्धि दर्ज हो रही है। नियमों के तहत, किसी भी कॉलोनी के विकास के लिए सक्षम प्राधिकरण से अनुमति, नक्शा स्वीकृति, बुनियादी सुविधाओं की योजना और रेरा पंजीकरण अनिवार्य है। इसके विपरीत, कबीरधाम में बिना इन प्रक्रियाओं के ही खुलेआम



प्लॉटिंग और बिक्री का कारोबार चल रहा है, जो सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है। सबसे बड़ा सवाल जिम्मेदार विभागों की भूमिका पर खड़ा हो रहा है। राजस्व, नगर निवेश और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। क्या यह लापरवाही है, या फिर जानबूझकर की जा रही अनदेखी, स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि बिना प्रशासनिक संरक्षण के इस तरह का व्यापक अवैध कारोबार संभव नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आम नागरिकों को भविष्य में जमीन संबंधी विवाद, बुनियादी सुविधाओं की कमी और कानूनी जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।

# पार्टी और सरकार परोपकार के लिए है न की स्वहित के लिए : शास्त्री

बेमेतरा। ग्राम मजगांव ( पंडरभट्ठा) में भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ आयोजित कार्यक्रम में व्यास स्वरूप व्याख्यान दिवाकर आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज के द्वारा प्रथम दिवस की कथा में आचार्य ने बताया कि ज्ञान यज्ञ का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म नहीं बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है भगवान को पाने की इच्छा हो तो परीक्षित और सुखदेव का संवाद ही सुन ले तो जीवन धन्य हो जाएगा अकाल मृत्यु से बचाने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें श्रीमद् भागवत कथा के द्वारा महाराजा ने कहा कि प्रभु के लीला के बगैर ना कोई जन्म ले सकता है ना किसी की मृत्यु हो सकती है सभी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान रहती है। अकृतार्थ जीवात्मा को पुनर्जन्म लेना पड़ता है इसलिए 24 घंटे में काम से कम सवा पंच प्रभु की स्तुति भजन कीर्तन के माध्यम से करना चाहिए।जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है न कि केवल धन वैभव और जीवकोपार्जन में लगे रहना महाराज ने



कहा कि पार्टी और सरकार परोपकार के लिए है न की स्वहित के लिए देश में लोग गौ माता के चारागाह पर भी कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे है माता को संरक्षित करने के लिए कोई तैयारी किसी सरकार की नहीं दिखती तो शुद्ध दूध घी दही और मक्खन कहां से मिलेगा। भागवत कथा के दौरान शामिल होने वाले खास कर युवा नहीं आते जबकि श्री राम कथा और भागवत कथा का उद्देश्य भटकते युवाओं को ग्रंथ के माध्यम से धर्म से जोड़ना है इसीलिए हर घर में एक युवा को ऐसे ही कथाओं में शामिल होना चाहिए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पूर्ण भूमि है या भगवान श्री राम का ननिहाल है यही कारण है कि तमाम प्रकृति आपदाओं से छत्तीसगढ़ का प्रभावित रहता है।

# छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान व सामाजिक समरसता को मजबूत कर रही : सौरभ लुनिया

दल्लीराजहरा। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सौरभ लुनिया ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित 'धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' को एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय बताते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृहमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह कानून राज्य में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नए प्रावधानों के तहत जबरन, प्रलोभन या धोखे से किए जाने वाले धर्मांतरण पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें 7 से 20 वर्ष तक की सजा और सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में आजीवन कारावास तथा 25 लाख तक का जुर्माना शामिल है। यह कानून वर्ष 1968 के पुराने कानून



का स्थान लेगा, जो वर्तमान समय की चुनौतियों के अनुसार प्रभावी नहीं रह गया था। सौरभ लुनिया ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य कर रही है। यह विधेयक उनके दृढ़ नेतृत्व और संवेदनशील शासन का प्रमाण है, जो प्रदेश के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। सौरभ लुनिया ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश के कई हिस्सों में ऐसे मामले सामने आए थे, जहां लोगों को प्रलोभन, दबाव या धोखे के माध्यम से धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया जा रहा था, जिससे समाज में असंतोष और असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में एक सख्त और स्पष्ट कानून की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे भाजपा सरकार ने गंभीरता से समझते हुए अमल में लाया है। उन्होंने आगे कहा कि इस कानून के लागू होने से अवैध धर्मांतरण की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी, जिससे समाज में आपसी विश्वास और भाईचारा और अधिक मजबूत होगा। साथ ही, कमजोर और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को प्रलोभन या दबाव से बचाने में भी यह कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशासन को भी अब ऐसे मामलों में सख्त और त्वरित कार्रवाई करने का अधिकार मिलेगा, जिससे कानून का भय और व्यवस्था दोनों स्थापित होंगे। सौरभ लुनिया ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ कार्य करती आई है और यह विधेयक भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने गृहमंत्री विजय शर्मा सहित संपूर्ण राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है।

# सर्व समाज समरसता समिति ने भारतीय नव वर्ष का भव्य एवं दिव्य समारोह का आयोजन



दल्लीराजहरा। सर्व समाज समरसता समिति दल्ली राजहरा ने भारतीय नव वर्ष का भव्य एवं दिव्य समारोह का आयोजन विक्रम संवत 2083 को धूमधाम से मनाया जाने का आह्वान किया। इस नव वर्ष के आयोजन पर सर्व समाज समरसता समिति की ओर से 20 मार्च को दल्ली राजहरा एवं चिखलाकसा नगर के 100 स्थानों पर ठीक संध्या 7:00 बजे एक साथ भारत माता की सामूहिक आरती एवं दीप उत्सव का आयोजन किया गया। जहां कई लोग इस दीप उत्सव में सम्मिलित होकर बड़े ही खुशहाली के साथ नव वर्ष का आनंद लिया। वार्ड क्रमांक 2 रामनगर चौक के आजाद नगर वार्ड में राधेलाल निर्मलकर के नेतृत्व में भारत माता की आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा नया वर्ष कई मायने में महत्वपूर्ण है क्योंकि आज ही के दिन हमारा हिंदू धर्म का नया वर्ष चालू होता है। इसी दिन को गुड़ीपर्व उगादि आदि नाम से कई क्षेत्र में मनाया जाता है। ऐसा मान्यता है कि आज के दिन भगवान ब्रह्मा ने मां भगवती की कृपा से इसी दिन सूर्य के पहली किरण के साथ सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी।

# सिद्धि माता मंदिर में अभिजीत मुहूर्त पर हुआ मनोकामना कलश की स्थापना

बेमेतरा । सिद्धि माता मंदिर संडी में अभिजीत मुहूर्त पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया इस वर्ष यहां 10494 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के साथ ही पावन चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत श्रद्धा, आस्था और भक्ति के वातावरण में हो गई है। इस पवित्र अवसर पर बेमेतरा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल श्री सिद्ध शक्ति पीठ सिद्धि माता मंदिर संडी में अभिजित मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं की मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पहले ही दिन हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर माँ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक



ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान ग्राम संडी में स्थित ?सिद्धि माता मंदिर में कुल 10494 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना अभिजीत मुहूर्त में किया गया जिसमें 10219तेल ज्योति कलश 158घृत ज्योति कलश तथा 117 आजीवन ज्योति कलश को शामिल है यह आयोजन श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास का प्रतीक है। समिति एवं क्षेत्रवासियों द्वारा प्रतिदिन माता की सेवा में जस गीतों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मां सिद्धि में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जहां हर श्रद्धालु माँ के चरणों में अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंच रहा है। जबकि ग्राम खिलोरा में स्थित मौली मंदिर में 97 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है सभी देवी मंदिरों में विभिन्न आचार्यों के द्वारा दुर्गा सप्तशती सहित अन्य का पाठ अष्टमी तक जारी रहेगा जहां पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं के द्वारा माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते रहेंगे।

# कलेक्टर से नई गैस एजेंसी स्थापना की मांग की कांग्रेस ने

बेमेतरा । बेमेतरा शहर में रसोई गैस वितरण की गंभीर समस्या को लेकर आज कांग्रेस के पूर्व पार्षद मनोज शर्मा एवं शहर कांग्रेस कमेटी के शहर सचिव शुभम सोनी द्वारा कलेक्टर, जिला बेमेतरा को मांग पत्र सौंपा गया। यह मांग पत्र जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा (पूर्व विधायक) के निर्देशानुसार सौंपा गया, जिसमें शहर की आम जनता को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि बेमेतरा जिला मुख्यालय में वर्तमान में केवल एक ही गैस एजेंसी संचालित हो रही है, जबकि शहर की जनसंख्या लगभग 40 से 45 हजार के बीच है। इतनी बड़ी आबादी के बावजूद एक ही एजेंसी होने के कारण आम नागरिकों को गैस वितरण में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहरवासियों को समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा




रही है, वितरण केंद्रों पर लंबी कतारें लग रही हैं तथा ऑनलाइन/रसीद कटवाने के बाद भी समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। साथ ही, एजेंसी संचालकों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में भारी असंतोष व्याप्त है। उक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस के पूर्व पार्षद मनोज शर्मा एवं शहर सचिव शुभम सोनी (शहर कांग्रेस कमेटी) द्वारा जिला प्रशासन से तत्काल बेमेतरा जिला मुख्यालय में नई गैस एजेंसी स्थापित करने की मांग की गई है ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

# खाड़ी देशों के युद्ध से ऊर्जा संकट पर मंडराता वैश्विक खतरा, नागरिक सतर्कता ही राष्ट्र धर्म : प्रज्ञा निर्वाणी

बेमेतरा। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने वैश्विक परिदृश्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वर्तमान में ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और संभावित लंबे खिंच रहे युद्ध की स्थिति से पूरे विश्व में ऊर्जा संकट का खतरा गहराता जा रहा है। क्योंकि यह युद्ध जिस दिशा में बढ़ रहा है उससे अनुमान नहीं लगाया जा सकता की कब थमेगा। उन्होंने कहा कि भारत अपनी घरेलू आवश्यकताओं के लिए कच्चे तेल और गैस के मामले में खाड़ी सहित कई देशों पर निर्भर है, ऐसे में वैश्विक अस्थिरता का सीधा प्रभाव हमारे देश की ऊर्जा आपूर्ति और कीमतों पर भी पड़ सकता है।

प्रज्ञा निर्वाणी ने विशेष रूप से महिलाओं और आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे समय में हर घर की गृहिणी घरेलू गैस का



मितव्ययता से उपयोग करें और वाहन चालक भी पेट्रोल-डीजल का सोच-समझकर उपयोग करें, वैश्विक ऊर्जा संकट की संभावनाओं को देखते हुए यह केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि युग धर्म और राष्ट्र धर्म है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने यह भी विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत विदेश नीति और विभिन्न देशों के साथ स्थापित व्यापारिक संबंधों के कारण देश में तेल और गैस की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आएगी। भारत की कूटनीतिक क्षमता और वैश्विक संबंध इतने सशक्त हैं कि संकट की घड़ी में भी देश सुरक्षित रहेगा, लेकिन नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। प्रज्ञा निर्वाणी ने अंत में कहा कि हर नागरिक यदि आज से ही ईंधन और गैस के उपयोग में संयम और दूरदृष्टि अपनाए, तो हम संभावित वैश्विक संकट का प्रभाव कम कर सकते हैं,यही सच्चा राष्ट्र सेवा का मार्ग है। प्रज्ञा निर्वाणी ने महिला मोर्चा के सदस्यों से अपने आस पास की महिलाओं और युवाओ को सम्भावित वैश्विक ऊर्जा के संकट से निपटने ईंधन उपयोग का समझदारी से उपयोग करने जानकारी देकर जागरूक करने कहा है।

## दुर्घटना में 2 छात्राएं एवं 3 रसोइया गंभीर रूप से झुलस गए थे

# पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय बालाटिकरा की प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई




**सुकमा।** जिले के विकासखंड छिंदगढ़ अंतर्गत संचालित पोर्टाकेबिन आवासीय विद्यालय बालाटिकरा में मध्याह्न भोजन के दौरान घटित दुर्घटना के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा जांच उपरांत कड़ी कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 फरवरी को विद्यालय परिसर में मध्याह्न भोजन तैयार करते समय हुई दुर्घटना में 2 छात्राएं एवं 3 रसोइया गंभीर रूप से झुलस गए थे। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन एवं संबंधित प्राचार्य राजमेन कुजूर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के परीक्षण उपरांत निम्न तथ्य प्रकाश में आए। प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया और विद्यालय प्रमुख के रूप में दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही परिलक्षित हुई। कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1), 3(2) एवं 3(3) के विपरीत पाया गया। उक्त परिस्थितियों में कलेक्टर द्वारा राजमेन कुजूर (मूल पदः व्याख्याता) के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत निम्नानुसार दंडात्मक कार्रवाई की गई है–

प्राचार्य प्रभार से मुक्ति- आवासीय विद्यालय पोर्टाकेबिन बालाटिकरा से तत्काल प्रभाव से हटाया गया। नई पदस्थापना- शासकीय हाई स्कूल कांजीपानी, विकासखंड छिंदगढ़ में अध्यापन कार्य हेतु स्थानांतरित। आर्थिक दंड- एक वेतन वृद्धि (इन्क्रीमेंट) असंचयी प्रभाव से रोकी गई। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जिन शासन महिला मंडल ने लगवाया निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर, बड़ी संख्या में महिलाओं ने लिया लाभ



**केशकाल।** जिन शासन महिला मंडल के तत्वाधान में केशकाल के ओसवाल भवन में आयोजित निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर में केशकाल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उपचार कराया और विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लिया। शिविर में महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर उचित सलाह और उपचार प्रदान किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में रायपुर की प्रसिद्ध स्त्री रोग एवं निःसंतानता विशेषज्ञ डॉ. आयुषी अग्रवाल द्वारा महिलाओं का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर के दौरान गर्भावस्था, मासिक धर्म संबंधी समस्याएं, पीसीओडी/पीसीओएस, एंडोमेट्रियोसिस, सफे द पानी की समस्या, बच्चेदानी से जुड़ी बीमारियां सहित अन्य जटिल समस्याओं पर परामर्श दिया गया। इस शिविर में लगभग 45 महिलाओं और मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मरीजों के लिए जांच और ओपीडी की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विशेष राहत मिली। कार्यक्रम का आयोजन जैन समाज के जिनशासन महिला मंडल के सहयोग से किया गया, जिसमें समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के सफल संचालन में स्थानीय स्वयंसेवकों का भी सराहनीय योगदान रहा। दूर-दराज गांवों से आए लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से उन्हें अपने क्षेत्र में ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं मिल जाती हैं, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। शिविर के सफल आयोजन पर आमजन ने जैन समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजनों की अपेक्षा जताई है। इस दौरान जिनशासन महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा तातेड़, उपाध्यक्ष पायल तातेड़, कोषाध्यक्ष सपना जैन, सचिव लक्ष्मी तातेड़ समेत जैन समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

**कोंटा।** जिले में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभागीय कार्यों में कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर अमित कुमार द्वारा लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिनों कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को निलंबित किया गया था। अब महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की भी गहन समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर स्वयं फील्ड में जाकर आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, हितग्राहियों को प्रदाय की जा रही सुविधाओं एवं बच्चों के लिए संचालित ईसीसीई गतिविधियों का जायजा ले रहे हैं। हाल ही में जिले के सुदूरवर्ती ग्राम निमलगुड़ा के निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों द्वारा ग्राम करीगुंडम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कलमु मंजू के संबंध में गंभीर शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित कार्यकर्ता कई महीनों से अनुपस्थित है, ग्राम में निवास नहीं कर रही है तथा आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन भी नहीं किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्राम पालोड़ी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नागमनी के विरुद्ध भी शिकायत प्राप्त हुई कि वे कोंटा में निवास करते हुए लंबे समय से केंद्र का संचालन नहीं कर रही हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अमित कुमार ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा विभागीय अधिकारियों को तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में विभागीय समिति द्वारा जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। पूर्व में जारी नोटिस एवं जांच के आधार पर जनपद पंचायत कोंटा की शिक्षा समिति से अनुमोदन प्राप्त कर परियोजना अधिकारी द्वारा दोनों कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा बच्चों को पोषण आहार एवं प्रारंभिक शिक्षा गतिविधियां समय पर उपलब्ध कराई जाएं। लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, विभागीय पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा भी नियमित रूप से समय-सीमा बैठक में की जा रही है। कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सीएमओ दिनेश डे के साथ कर्मचारी कर रहे कर वसूली



**कोण्डागांव।** नगर पालिका परिषद कोण्डागांव ने वार्षिक कर वसूली को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। कुल 4 करोड़ 20 लाख रुपए की डिमांड के मुकाबले अब तक लगभग 3 करोड़ 20 लाख रुपए की वसूली हो चुकी है, जो करीब 80 प्रतिशत है। शेष 20 प्रतिशत राशि की वसूली के लिए अब केवल 10 दिन का समय शेष है। नगर पालिका द्वारा समेकित कर, संपत्ति कर, जल कर, यूजर चार्ज, दुकान किराया एवं दुकान प्रीमियम की बकाया वसूली के लिए राजस्व कर्मचारियों को तैनात किया गया है। कर्मचारी घर-घर और दुकानों तक पहुंचकर डोर-टू-डोर वसूली कर रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा में कर जमा नहीं करने वाले बकायादारों पर नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत 6.25 प्रतिशत अधिभार लगाया जाएगा। इसके साथ ही नल कनेक्शन विच्छेद, दुकान नीलामी निरस्त करने जैसी कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बकायादारों की सूची सार्वजनिक की जाएगी और उनके सभी प्रकार के एनओसी भी निरस्त कर दिए जाएंगे। नगर पालिका परिषद ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपने करों का भुगतान कर असुविधा से बचें।

# हिन्दू नववर्ष पर कूकानार में निकली भव्य स्वर्वेद यात्रा, सत्संग में उमड़ा जनसैलाब



**सुकमा।** जिले के ग्राम कूकानार में हिन्दू नववर्ष के अवसर पर बिहंगम योग संत समाज, जिला सुकमा के तत्वावधान में भव्य स्वर्वेद यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के साथ ही दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में स्वर्वेद यात्रा महोत्सव एवं सत्संग समारोह आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में बताया गया कि विहंगम योग का प्रधान सद्ग्रंथ स्वर्वेद अमर हिमालय योगी अनंत सद्गुरु सदाफलदेव की अनुपम कृति है। यह ग्रंथ बौद्धिक या पुस्तकीय ज्ञान पर आधारित न होकर, चेतन समाधि अवस्था में प्राप्त आध्यात्मिक अनुभवों का संकलन है, जिसमें परमाणु से परमात्मा तक के तत्वज्ञान को सरल हिन्दी दोहों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

संत समाज के वक्ताओं ने कहा कि स्वर्वेद के श्रवण मात्र से मानव के भीतर शुभ संस्कार जागृत होते हैं और चेतना का उत्थान होता है। जीवन में इसके आचरण से व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। स्वर्वेद को विहंगम योग का मूल और प्राण बताया गया।

बताया गया कि अखिल भारतीय विहंगम योग संत समाज द्वारा विश्वभर में एक ही दिन, एक समय और एक बैनर तले स्वर्वेद यात्रा महोत्सव मनाया जा रहा है। बस्तर संभाग में वर्तमान में 30 हजार से अधिक अनुयायी इस आध्यात्मिक परंपरा से जुड़े हुए हैं।

कार्यक्रम में मेघनाथ नाग, लच्छीदई नाग, शामनाथ बघेल, लच्छिंदर बघेल, राम सिंह बघेल, आयतूराम बघेल, सुखनाथ सिंह जैन, सोनाली बघेल, सोमारी बघेल, सोनमती नाग, मंगली कश्यप, झींकी बघेल, गीता नाग, खेमलता कश्यप, तारावती नाग सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत की ओर से धर्मेंद्र सिंह चौहान, संजय भदोरिया, जितेंद्र सिंह चौहान, अशोक सिंह चौहान, जयपाल सिंह चौहान, दशा बघेल, सुनील यादव, सर्वेश सिंह चौहान और रामनाथ यादव ने सहयोग प्रदान किया।

सद्गुरु सदाफल देव आश्रम, जगदलपुर से सुनील पिल्लई, सुकालु राम साहू, रमेश राव मराठे, रसुला कश्यप, गंभीर यादव, जयराम कश्यप, दीपक कश्यप, लक्ष्मी राव मराठे, बंधु नाग, सोनसिंग भारती, बनसिंग बघेल, देवराज बघेल एवं नंदकिशोर उपस्थित रहे। वहीं दंतेवाड़ा जिले से शांतिनाथ ने भी सहभागिता निभाई। इसके अलावा स्वर्वेद महामंदिर धाम से सुप्रशिक्षित विद्यार्थी गोपाल राव मराठे यादव और युवराज सिंह यादव सहित अन्य साधक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक सत्संग और भजन के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ।

## सूर परिवार द्वारा मनाया जा रहा चैत्र नवरात्र उत्सव



**किरंदुल ।** किरंदुल घरमपुर कैम्प में सूर परिवार द्वारा चैत्र नवरात्र उत्सव का आयोजन उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में किया जा रहा हैं। बता दें सूर परिवार द्वारा माता रानी की प्रतिमा स्थापित कर प्रातः एवं संध्या बेला में पूजा अर्चना किया जा रहा है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अर्थात नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार सुबह 09 बजे पंडित हेमप्रकाश वर्मा द्वारा माता रानी के तृतीय स्वरूप चंद्रघंटा का पूजन किया गया।जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए।

# 'सरके सरके' गाने पर महिला आयोग सख्त



**किरंदुल।** फिल्म केडी के चर्चित गाने 'सरके सरके सर से चुनर सरके' को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। गाने की प्रस्तुति, फिल्मांकन और लिरिक्स को लेकर अब सामाजिक स्तर पर भी बहस तेज हो गई है। इस बीच छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं अधिवक्ता दीपिका शोरी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए आपत्ति दर्ज कराई है। दीपिका शोरी ने कहा कि गाने में नोरा फतेही की प्रस्तुति महिलाओं की गरिमा और सामाजिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि गाने का फिल्मांकन और उसके बोल अश्लीलता को बढ़ावा देते हैं, जिससे समाज में विशेषकर युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के गानों के कारण महिलाएं अपने परिवार के साथ बैठकर इन्हें देखने में असहज महसूस करती हैं। यह स्थिति न केवल पारिवारिक वातावरण को प्रभावित करती है, बल्कि भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों पर भी प्रश्न खड़े करती है। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि मनोरंजन के नाम पर इस तरह की सामग्री का प्रसार चिंताजनक है और इसके लिए जिम्मेदार प्लेटफॉर्म व निर्माताओं को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों से गाने की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की सामग्री पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। यह मामला एक बार फिर फिल्मी दुनिया में बढ़ती बोल्डनेस, गीतों के शब्दों की मर्यादा और उसके व्यापक सामाजिक प्रभाव को लेकर नई बहस को जन्म दे रहा है।

# ग्रामीणों को मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ : बैंक प्रबंधक

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मिला 2 लाख का क्लेम




**भानुप्रतापपुर।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ग्राम पंचायत कलंगपुरी के पुजारीपारा निवासी मानक लाल भुआर्य को 2 लाख रुपये की बीमा राशि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रदान की गई। एसबीआई कियोस्क संचालक राजेश ठाकुर ने बताया कि दिसंबर 2025 को 45 वर्षीय त्रिसीया भुआर्य की मृत्यु हो गई। शासन की इस बीमा योजना के तहत पति को 2 लाख रुपये का भुगतान 18 मार्च को सीधे उनके खाते में किया गया। भारत सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से कई बीमा योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन जानकारी के अभाव में आम जानता को इसका लाभ नहीं मिल पाता। कियोस्क संचालक द्वारा समय-समय पर अपने ग्राहको को बीमा योजना की जानकारी दी जाती है और दुःखद घड़ी में कागजी प्रक्रिया हेतु सहयोग भी दिया जाता है। बैंक प्रबंधक नितेश तारक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना के तहत बहुत ही कम राशि में 2 लाख का सामान्य व दुर्घटना बीमा हो जाता है। ग्रामीणों के लिए यह बहुत अच्छी योजनाएं है जिसमे सालाना 436 एवं 20 रुपये में 2 लाख की बीमा की सुरक्षा मिल जाती है। इस योजना का लाभ सभी को लेना चाहिए। बैंक के कर्मचारियों एवं अधीनस्थ कियोस्क संचालकों द्वारा इन योजनाओं के बारे में खाता धारकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाती है। इसी का परिणाम है की पिछले वित्तीय वर्ष में जहाँ 9 लोगों को इस योजना से क्लेम मिला था वहीं इस वित्तीय वर्ष में अब तक 17 लोगों को क्लेम दिलाया जा चुका है। बीमा राशि पाकर हितग्राही द्वारा एसबीआई बैंक प्रबंधक एवं कियोस्क संचालक का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार



**किरंदुल।** लौहनगरी किरंदुल स्थित सुन्नी मदीना मस्जिद में हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया गया। सुबह से ही छोटे, बड़े, बुजुर्ग नए-नए वस्त्र पहनकर इत्र लगाकर मस्जिद पहुंचे जहां ईद उल फितर की नमाज़ अदा की गई।बता दें सुन्नी मदीना मस्जिद में मौलाना इकबाल रज़ा ने ईद की नमाज़ पढ़ाई मुल्क में अमन चैन व सुकून की दुआएं की गई।मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज़ के बाद क़ब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों के लिए पाक परवरदिगार से मगफिरत की दुआएं की और सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।मुस्लिम समुदाय रमज़ान-उल-मुबारक के रोजे मुकम्मल करने के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार मनाते हैं यह त्यौहार मीठी ईद के नाम से भी जानी जाती है दिनभर सेवइयों का दौर चलता रहता है सभी अपने अपने सगे संबंधियों के घर जाकर मीठी सेवइयों का लुफ्त उठाते हैं।

# बीजापुर जिले में दो जिला शिक्षा अधिकारियों की नियुक्ति विवादास्पद : विधायक विक्रम मंडावी ने



**बीजापुर ।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने बीजापुर जिले के एक ही कार्यालय में पदस्थ दो जिला शिक्षा अधिकारियों की नियुक्ति का मामला विधानसभा में शुन्यकाल के दौरान उठाया है, उन्होंने कहा कि यह संभवतः ऐसा पहला मामला होगा जहां एक ही कार्यालय में दो-दो जिला शिक्षा अधिकारी पदस्त हैं और सरकार की इस अनूठी शिक्षा व्यवस्था ने बीजापुर जिले की पूरी शिक्षा व्यवस्था को ही प्रभावित कर दिया अब स्थिति यह है कि बीजापुर जिले की पूरी शिक्षा व्यवस्था ही चरमरा गई और बेपटरी हो गई है।

इसके साथ ही इस मामले को लेकर विधायक विक्रम मंडावी ने शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को एक पत्र भी लिखा है जिसमें उन्होंने कहा कि जिला बीजापुर में वर्तमान में दो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यरत है। वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बीजापुर में पदस्थ एन.एल. धनेलिया और राजकुमार कठौते, सहायक संचालक, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला-बीजापुर, कार्य कर रहे है। पिछले दिनांक 10-07-2025 से जिले में दो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठ कर कार्यालय का संचालन कर रहे है। जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है और शिक्षा व्यवस्था में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से मांग की है, कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला-बीजापुर में किसी एक को आदेशित किया जाये ताकि शिक्षा व्यवस्था का संचालन सूचारू रूप से हो सके।

## नवरात्र के तृतीय दिवस पर श्री राघव मंदिर में की गई माता चन्द्रघण्टा की पूजा



**किरंदुल।** श्री राघव मन्दिर किरंदुल में पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ वासंतीय नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। विक्रम संवत 2083 के चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अर्थात नवरात्र के तृतीय दिवस माता रानी के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा का पूजन किया गया। देवी चंद्रघंटा के सिर पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र नजर आता है। इसलिए भक्त उन्हें चंद्रघंटा कहकर बुलाते हैं। देवी चंद्रघंटा का वाहन सिंह होता है। मां की 10 भुजाएं, 3 आंखें, 8 हाथों में खड्ग, बाण आदि अस्त्र-शस्त्र हैं। इसके अलावा देवी मां अपने दो हाथों से अपने भक्तों को आशीष देती हैं।

# पुलिस ने ऑपरेशन तलाश के तहत गुम युवती को किया आंध्र प्रदेश से दस्तयाब



**कोण्डागांव।** विवरण थाना फरसगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटे ठेमली निवासी युवती दीपिका मरकाम पिता श्यामलाल मरकाम उम्र 21 वर्ष अपने नाना नानी के यहां ग्राम भंडारवंडी में रहकर पढ़ाई कर रही थी जो कि वर्ष 2025 में घर में बिना बताए गांव के अन्य सहेलियों के साथ काम करने आंध्र प्रदेश गई थी जो आज दिनांक तक वापस नहीं आने से वहां आसपास पता तलाश बाद गुम इंसान के पिता ने अपने पुत्री के गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज करवाया था। प्रार्थी के रिपोर्ट के आधार पर फरसगांव पुलिस मामले में गुम इंसान क्रमांक 07/2026, 7 मार्च को कायम कर गुम युवती के पतासाजी में जुट गई थी। कार्यवाही मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय एसडीओपी फरसगांव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी फरसगांव निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास के हमराह गुम इंसान की पतासाजी की जा रही थी। गुम इंसान के पतासाजी दौरान कॉल डिटेल के आधार पर गुम युवती का लोकेशन आंध्र प्रदेश जिला कडपा के पोरूमामिल्ला क्षेत्र में मिलने थाना फरसगांव से उप निरीक्षक नवल कोडोपी के नेतृत्व में टीम गठित कर परिजनों के साथ आंध्र प्रदेश कडपा जिला रवाना किया गया था ।

# सनातन धर्म में कार्तिगई दीपम पर्व का विशेष महत्व



सनातन धर्म में कार्तिगई दीपम पर्व का अति विशेष महत्व है। यह पर्व शिव परिवार को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव और कार्तिकेय जी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है।

धार्मिक मत है कि कार्तिगई दीपम के दिन भगवान शिव की पूजा करने से साधक को पृथ्वी लोक पर सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख और संकट दूर हो जाते है। इस दिन मंदिरों में भगवान शिव और मुरुगन की विशेष पूजा की जाती है। मासिक कार्तिगाई दीपम पर साधक व्रत भी रखते है।

### मासिक कार्तिगाई शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, 23 मार्च को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी और षष्ठी तिथि है। इस दिन पंचमी तिथि शाम 06 बजकर 38 मिनट तक है। इसके बाद षष्ठी तिथि शुरू होगी। वहीं, कृतिका नक्षत्र का संयोग रात 08 बजकर 49 मिनट तक है। कृतिका नक्षत्र के शुभ संयोग में मासिक कार्तिगाई मनाई जाती है। इसके लिए 23 मार्च को चैत्र माह की मासिक कार्तिगाई मनाई जाएगी।

# नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा



नवरात्रि के पांचवें दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की जाती है। शास्त्रों के अनुसार, मां स्कंदमाता भक्तों पर अपने पुत्र के समान प्रेम या स्नेह लुटाती हैं। मान्यता है कि मां की उपासना करने से नकारात्मक शक्ति दूर होती हैं और मनवांछित फल मिलने के साथ ही कार्यों में सफलता प्राप्त होती है। मां स्कंदमाता की विधि-विधान से आराधना करने से साधक के लिए मोक्ष का रास्ता भी सुलभ हो जाता है। यह भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता हैं, इसी कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है।

**मां स्कंदमाता का स्वरूप:** मां स्कंदमाता एक शेर पर विराजमान है और उनके चार हाथ हैं। मां की गोद में भगवान स्कंद बालरूप में बैठे हुए हैं। मां के दाहिनी भुजा में भगवान स्कंद है, दाहिनी ओर की नीचे वाली भुजा में कमल का फूल है। बाई और की ऊपर वाली भुजा वरमुद्रा में है और नीचे वाली भुजा में भी कमल का पुष्प है।

**मां स्कंदमाता का प्रिय रंग:**
नवरात्रि के पांचवें दिन का शुभ रंग पीला व सफेद माना गया है। कहते है कि मां स्कंदमाता के पूजन में श्वेत या पीले रंग के वस्त्र धारण करना अत्यंत शुभ होता है।

**स्तुति मंत्र-**
या देवी सर्वभूतेषु माँ स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

**मां स्कंदमाता मंत्र**
सरल बीज मंत्र- ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं स्कन्दमातायै नमः॥
ध्यान मंत्र- सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

**मां स्कंदमाता पूजा विधि:** सबसे पहले सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। अब मां की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराएं। इसके बाद मां को कुमकुम, रोली, पुष्प, फल, मिठाई, पान का पत्ता, लौंग, इलायची व श्रृंगार का सामान अर्पित करें। मां के सामने धूप, दीप जलाएं और अंत में आरती उतारें।

# एक्सरसाइज के कई फायदे



हर रोज अगर आप प्लैंक एक्सरसाइज को करते हैं तो इससे शरीर में कई सारे बदलाव देखने को मिलेंगे। कई बार लोगों की समस्या वेट लॉस करना नहीं होता बल्कि पोश्चर होता है।

### प्लैंक एक्सरसाइज के फायदे

प्लैंक करने से डीप कोर मसल्स एक्टीवेट होती है वो भी बिना ज्यादा मेहनत के साथ ही बॉडी को ये फायदे मिलते है- मसल्स इंगेज होती हैं पोश्चर इंप्रूव होता है लोअर बैक को सपोर्ट मिलता है इंड्यूरेंस बिल्ड होती है टेंशन में बॉडी को सही तरीके से सांस लेना आता है।

### एक मिनट करें एक्सरसाइज

शरीर का स्ट्रक्चर चेंज करना हो तो अक्सर सब शॉर्टकट पर भरोसा करते है। अगर आपकी सिटिंग जॉब है और शरीर का पोश्चर बिगड़ चुका है। शरीर में स्ट्रेंथ कम हो रही है तो इस एक्सरसाइज पर एक बार भरोसा करें। मात्र एक मिनट रोजाना इस एक्सरसाइज पर खर्च किया तो रिजल्ट कुछ समय बाद दिखना शुरू हो जाएंगे। आमतौर पर लोग डाइट, हर्बल ड्रिंक जैसी चीजों पर भरोसा करते है जबकि काफी सारी ईजी एक्सरसाइज है जो मनचाहे रिजल्ट दे सकती हैं। जैसे एक मिनट की गई 'प्लैंक' एक्सरसाइज। रोजाना मात्र एक मिनट अगर आप प्लैंक एक्सरसाइज को करते है तो इससे शरीर में कई सारे चेंज देखने को मिलते है। इंस्टाग्राम पर कई सारे फिटनेस ट्रेनर ने एक मिनट रोजाना प्लैंक एक्सरसाइज करने के फायदे बताए हैं।

### प्लैंक करने की क्यों है जरूरत

फिटनेस के नाम पर अक्सर लोग वेट लॉस पर फोकस करते है। लेकिन फिटनेस एक्सपर्ट का कहना है कि काफी सारे लोगों को वजन की समस्या नही होती बल्कि उनका कोर वीक होता है। जिसकी वजह लगातार सिटिंग, कम फिजिकल मूवमेंट, खराब पोश्चर होता है। जिसकी वजह से जल्दी-जल्दी सांस लेना, टाइट हिप्स, लोअर बैक पर खिंचाव और पेट की मसल्स कमजोर हो जाती है।

### रोजाना प्लैंक करने से क्या होगा

जब आप रोजाना करते हैं तो इससे कोर मजबूत होती है जिससे मूवमेंट, स्टैंडिंग, वॉकिंग, यहां तक कि डाइजेशन में भी हल्का फील होता है और ज्यादा आसानी से ये सारे रोजमर्रा के काम होने लगते है।

### प्लैंक करते समय ये गलतियां ना करें

सांस को रोककर रखना हिप्स को सिकोड़कर रखना लोअर बैक में मोड़ बने रहना नेक को नीचे ड्रॉप करना कंधों को उचकाकर रखना

### बिगिनर्स ध्यान रखें

अगर आप बिगिनर्स हैं तो प्लैंक की शुरुआत करने के साथ मात्र 30 सेकंड ही बॉडी को होल्ड करें। अगर हो सके दो राउंड में 30 सेकेंड में प्लैंक करें।

# फ्रिज में नींबू रखने के तरीके

नींबू लगभग हर भारतीय किचन में इस्तेमाल होने वाली जरूरी चीज है। इसका उपयोग सलाद, चटनी, ड्रिंक्स और कई तरह की रेसिपी में किया जाता है। लेकिन अक्सर यह समस्या होती है कि नींबू जल्दी खराब हो जाते हैं, कुछ ही दिनों में उन पर दाग आने लगते हैं और स्वाद भी बदल जाता है। इसके लिए मैंने एक छोटा-सा एक्सपेरिमेंट किया, जिसमें नींबू को तीन अलग-अलग तरीकों से फ्रिज में 14 दिनों तक रखा। बाद में देखा कि इनमें से कौन-सा तरीका नींबू को सबसे ज्यादा समय तक फ्रेश रखता है। आइए जानते हैं इन तीनों तरीकों के बारे में और उनका क्या परिणाम रहा।

तरीका 1: नींबू को ऐसे ही फ्रिज में रखना
पहले तरीके में नींबू को बिना किसी तैयारी के सीधे फ्रिज में रख दिया। दो हफ्तों के बाद जब इन नींबू को देखा तो उनकी त्वचा पर छोटे-छोटे दाग और धब्बे दिखाई देने लगे थे। जब इन्हें काटकर चखा, तो इनके स्वाद में भी थोड़ा बदलाव महसूस हुआ। स्वाद हल्का कड़वा लगने लगा था। इससे पता चलता है कि इस तरीके से नींबू धीरे-धीरे खराब होने लगते है।

तरीका 2: पानी में नींबू स्टोर करना
दूसरे तरीके में नींबू को एक बर्तन में पानी भरकर उसमें डुबोकर फ्रिज में रखा। दो हफ्ते बाद इन नींबू पर बाहर से कोई खास दाग नहीं दिखाई दिए। लेकिन इनका रंग काफी हल्का पड़ गया था। जब इन्हें काटकर चखा तो उनका स्वाद पहले जैसा ताजा नहीं था। बल्कि उनका स्वाद थोड़ा अजीब और कम फ्रेश लग रहा था।
इससे यह समझ आता है कि पानी में रखने से नींबू की बाहरी सतह तो ठीक दिख सकती है, लेकिन स्वाद बदल सकता है।

तरीका 3: तेल लगाकर एयरटाइट कंटेनर में रखना
तीसरे तरीके में नींबू पर तेल की पतली परत लगाई और फिर उन्हें एक एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में स्टोर किया।
जब 14 दिनों बाद इन नींबू को देखा तो वे ताजे, चमकदार और सख्त दिखाई दे रहे थे। सबसे खास बात यह थी कि जब इन्हें काटकर चखा, तो उनका स्वाद बिल्कुल वैसा ही था जैसा पहले दिन था।



# ये चीजें हाथ से गिरना माना जाता है अशुभ

धार्मिक मान्यताओं और शकुन शास्त्र अनुसार दैनिक जीवन में होने वाली छोटी-मोटी घटनाएं हमें भविष्य से जुड़े कई बड़े संकेत देती हैं। जैसे कुछ चीजों का अचानक से हाथ से छूटना अपशकुन होता है जो जीवन में आने वाली परेशानियों के लिए हमें सचेत करता है। चलिए जानते हैं ये कौन सी 5 चीजें हैं जिनका हाथ से गिरना अनहोनी का संकेत होता है।



### 1. नमक का गिरना

अक्सर घर के बड़े-बुजुर्ग ये कहते है कि हाथ से नमक कभी नहीं गिरना चाहिए क्योंकि से अपशकुन होता है। दरअसल नमक का संबंध शुक्र और चंद्रमा से माना जाता है। ऐसे में यदि ये हाथ से गिर जाए तो इससे आर्थिक स्थिति बिगड़ने और परिवार के सदस्यों में अनबन होने के संकेत मिलते हैं। कई अन्य देशों में भी नमक का गिरना दुर्भाग्य का सूचक माना जाता है।

### 2. तेल गिरना

हाथ से तेल का बर्तन गिरना भी बेहद अशुभ माना जाता है। कहते है इससे शनि के प्रकोप का सामना करना पड़ता है। ये घटना परिवार पर आने वाले किसी बड़े संकट की ओर इशारा करती है। ऐसे में सावधानी बरतनी की जरूरत होती है।

### 3. हाथ से दूध का गिरना

हाथ से दूध का गिलास गिरना चंद्रमा के दोष को दर्शाता है। इससे घर में अशांति आती है। साथ ही मानसिक तनाव भी बढ़ता है।

### 4. पूजा की थाली या दीपक का गिरना

हाथ से पूजा की थाली या दीपक का गिरना भी अशुभ संकेत देता है। कहते हैं इससे भविष्य में कोई बुरी खबर सुनने को मिल सकती है। ऐसे में ईश्वर से क्षमा याचना जरूर करें।

### 5. काली मिर्च गिरना

हाथ से काली मिर्च का गिरना परिवार में कलह होने का संकेत देता है। ये घटना इस ओर भी इशारा करती है कि आपके अपने किसी करीबी मित्र या रिश्तेदार से संबंध खराब होने वाले हैं। ऐसे में सतर्क हो जाना चाहिए।

**क्या करें अगर ये चीजें हाथ से गिर जाएं?**
**अगर आपसे अनजाने में ये चीजें गिर जाएं तो कुछ सरल उपाय जरूर करें। जैसे नमक गिरने पर गिरे हुए नमक को उठाकर पानी में बहा दें। यदी दूध या तेल गिरता है तो अपने इष्ट देव का स्मरण करते हुए दूध या तेल को किसी जरूरतमंद को दान कर दें।**

# आज का राशिफल



**मेष राशि** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आप अपने विचारों को सही दिशा में लगाएंगे तो अच्छे परिणाम मिलेंगे। काम का दबाव अधिक रहेगा और दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपको सलाह दी जाती है कि जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें और धैर्य बनाए रखें।

**वृषभ राशि** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। कभी आत्मविश्वास बढ़ेगा तो कभी मन में चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक मामलों को लेकर आप थोड़े भावुक हो सकते हैं, लेकिन संयम से काम लेने पर स्थितियां संभल जाएंगी। पुराने मित्रों से मुलाकात खुशी दे सकती है। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है।

**मिथुन राशि** - आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। अनावश्यक क्रोध और वाद-विवाद से बचना जरूरी है। यदि आप अपने व्यवहार में संयम रखेंगे तो कई समस्याएं खुद ही सुलझ जाएंगी। मित्रों की मदद से आय के नए साधन बन सकते हैं। खर्चों में वृद्धि आपको परेशान कर सकती है, लेकिन संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

**कर्क राशि** - आज आपको धैर्य और संयम से काम लेने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं, जिससे शुरुआत में परेशानी होगी लेकिन आगे चलकर लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और मन को शांति मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**सिंह राशि** - आज आपका मन प्रसन्न रहेगा और आप ऊर्जा से भरे रहेंगे। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। हालांकि कार्यक्षेत्र में कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आप अपनी मेहनत और समझदारी से उन्हें पार कर लेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है।

**कन्या राशि** - आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आप अपने कार्यों को पूरी लगन से पूरा करेंगे। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और नई योजनाएं सफल होंगी। हालांकि अति उत्साह से बचना जरूरी है। परिवार में कुछ मतभेद हो सकते हैं, जिन्हें समझदारी से सुलझाना होगा।

**तुला राशि**-आज आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। मेहनत अधिक करनी पड़ेगी, लेकिन परिणाम भी संतोषजनक मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से व्यवसाय में बदलाव के अवसर मिल सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन हल्का होगा।

**वृश्चिक राशि** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रहेगा। मन में आशा और निराशा दोनों भाव रह सकते हैं, लेकिन अंततः आपको सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से नए व्यावसायिक अवसर मिल सकते हैं। रिश्तों में मधुरता आएगी और परिवार का सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि**- आज आपका मन शांत रहेगा और आप संतुष्टि महसूस करेंगे। परिवार में सामंजस्य बना रहेगा और बच्चों से खुशी मिलेगी। हालांकि खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट बनाकर चलें। जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं, जिन्हें समझदारी से सुलझाना होगा।

**मकर राशि** - आज आपका झुकाव धर्म और कला की ओर रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। मित्रों के सहयोग से आपको धन लाभ हो सकता है। मानसिक तनाव बना रह सकता है, इसलिए ध्यान और योग करना लाभकारी रहेगा।

**कुंभ राशि**- आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अधिक मेहनत करनी पड़ेगी और सफलता थोड़ी देर से मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और यात्रा के योग भी बन सकते हैं।

**मीन राशि**- आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। शिक्षा और करियर में सफलता मिलेगी और परिवार का सहयोग भी मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने कार्यों को पूरे आत्मविश्वास के साथ पूरा करेंगे। संपत्ति से जुड़ा लाभ भी मिल सकता है।

- ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री

# सपनों में दिखने वाली ये चीजें नई शुरुआत का इशारा

सपनों के बारे में अगर बात करें तो ये हर व्यक्ति के जीवन का ऐसा हिस्सा है जिसे हम या तो अजीब समझते हैं या फिर रहस्यमयी। स्वप्न शास्त्र की मानें तो आप जिन चीजों को सपने में देखते हैं वे आपके भविष्य या जीवन से जुड़े हुए हालातों की तरफ भी इशारा करते हैं। इसी स्वप्न शास्त्र में सपने में दिखने वाली कुछ ऐसी चीजों का भी जिक्र मिलता है जिन्हें अगर आप देखते हैं, तो ये जिंदगी में जल्द होने वाली नयी शुरुआत की तरफ इशारा करते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में विस्तार से जानते हैं।



### सपने में सूर्योदय देखना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार अगर आप अपने सपने में उगते हुए सूरज को देख लेते हैं, तो इसे काफी ज्यादा शुभ संकेत माना जाता है। सपने में इसका दिखना जीवन में जल्द होने वाली नयी शुरुआत, उम्मीद या फिर सफलता की तरफ इशारा करता है। इसके अलावा सपने में उगते हुए सूरज को देखने का अर्थ होता है कि आपकी जिंदगी से जल्द हर परेशानी खत्म होने वाली है।

**सपने में साफ पानी देखना**
सपने में अगर आपको साफ और शांत पानी दिखाई दे, तो यह जीवन में जल्द पॉजिटिव बदलाव होने की तरफ इशारा करता है। इसका अर्थ यह भी होता है कि आपके मन को शांति मिलेगी और जल्द नए मौके आपकी जिंदगी में आने वाले है। अगर आप किसी मुश्किल हालात से गुजर रहे हैं, तो यह सपना बताता है कि जल्द आपकी जिंदगी में सबकुछ बेहतर होने वाला है।

**नए कपड़े पहनना भी शुभ**
अगर आप अपने सपने में खुद को बिलकुल नए कपड़े पहनते देख रहे हैं, तो यह बताता है कि जल्द आपकी जिंदगी में नए बदलाव आएंगे या फिर आपको एक नयी पहचान भी मिल सकती है। सपने में इसका दिखना करियर, रिश्तों या फिर पर्सनल लाइफ में नए चैप्टर की शुरुआत के तरफ इशारा करता है।

**पेड़-पौधे या हरियाली देखना**
स्वप्न शास्त्र की अगर मानें तो सपने में हरे-भरे पेड़-पौधों या फिर एक सुंदर बगीचे को देखना काफी ज्यादा शुभ माना जाता है। इसका अर्थ होता है कि जल्द आप तरक्की करेंगे, अपने अंदर नयी चीजे डेवलप करेंगे या फिर आपको नए मौके मिलेंगे। अगर आप सपने में ऐसा कुछ देखते हैं, तो यह बताता है कि जल्द आपको अपनी कोशिशों का अच्छा परिणाम मिल सकता है।



**सफेद रंग की चीजें देखना**
अगर आप अपने सपने में सफेद रंग की चीजे जैसे कि कपड़े, फूल या फिर लाइट दिखाई दे, तो यह इस बात की तरफ इशारा करता है कि जल्द नयी शुरुआत होगी या फिर आपको जीवन में शांति मिलेगी। यह इस बात की तरफ भी इशारा करता है कि आपके जीवन में जल्द सभी निगेटिव चीजे खत्म होंगी और पॉजिटिव बदलाव आएंगे।

# कुर्ती आइडियाज को आप अपने वार्डरोब में जरूर शामिल करें।

अगर आप भी आपकी हाइट छोटी है तो कुर्ती चुनते समय सही डिजाइन, लंबाई और पैटर्न का ध्यान रखें। सही कुर्ती न सिर्फ स्टाइलिश आपको दिखती है, बल्कि विजुअली लंबा भी दिखा सकती है। इस आर्टिकल में आप 4 कुर्ती आइडियाज के बारे में जान पाएंगी, जो छोटी हाइट वाली लड़कियों के लिए सही हैं। आप मोनोक्रोम कुर्ता सेट को पहन सकती हैं। मोनोक्रोम आउटफिट का मतलब एक ही रंग का आउटफिट। जब आप ऊपर से नीचे एक ही रंग के कपड़े पहनते हैं, तो इससे कलर का लगातार एक फ्लो बनता है जो आपको लंबा दिखाने में मदद करता है।

### वर्टिकल स्ट्राइप्स कुर्ती

आप वर्टिकल स्ट्राइप्स कुर्ती को पहन सकती है। इस तरह की कुर्ती में लंबी धारियां बनी होती हैं। कुर्ती में ऊपर से नीचे की ओर बनी स्ट्राइप्स देखने वाले की नजर को भी ऊपर से नीचे की ओर ले जाती हैं और इससे हाइट ज्यादा लगती है।

### हाई स्लिट कुर्ती

हाई स्लिट कुर्ती देखने में स्टाइलिश लगती है। जब आप इस तरह की कुर्ती को पहनती है तब ये पैरों की लंबाई को उभारती है। इस कुर्ती को पहनकर आप लंबी और स्लिम नजर आएंगी।

### वी-नेक कुर्ती

आप वी-नेक कुर्ती को पहन सकती है। वी-नेक कुर्ती की खास बात ये है कि आपके बॉडी के ऊपरी हिस्से और गले को लंबा दिखाती है। इसे पहनकर आप स्लिम और स्मार्ट लुक पा सकती है।



### भारतीय ज्ञान प्रणाली हजारों वर्षों में विकसित एक समृद्ध बौद्धिक परम्परा-डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह

# महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आयाम विषय पर तीन दिवसीय व्याख्यान माला कार्यक्रम सम्पन्न



रानीतराई। स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय, रानीतराई में भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आयाम विषय पर तीन दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रभारी एवं कार्यक्रम के संयोजक चंदन गोस्वामी तथा आईक्यूएसी प्रभारी एवं सहसंयोजक अंबिका ठकुर बर्मन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एवं RUSA 2.0 द्वारा प्रायोजित यह व्याख्यान माला 17/03/2026 से 19/03/2026 तक आयोजित की गई। प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व कुलपति, शहीद महेन्द्र सिंह कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर रहे। द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. महेश चन्द शर्मा, पूर्व प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय उतई (दुर्ग), वैशाली नगर (दुर्ग) एवं रामाटोला (राजनांदगांव) रहे। तृतीय दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. मैथलीशरण गुप्ता, संयुक्त संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, राष्ट्रीय उन्नतर शिक्षा अभियान, रायपुर से उपस्थित रहे। प्रथम दिवस में कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती माता के छायाचित्र पर पुष्पार्पण, सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली हजारों वर्षों में विकसित एक समृद्ध बौद्धिक परम्परा है, जिसमें वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, दर्शन, गणित, खगोल, कला एवं नैतिक शिक्षा सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक शिक्षा प्रायः केवल बौद्धिक विकास तक सीमित रहती है, जबकि भारतीय ज्ञान प्रणाली शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक सभी पक्षों के विकास पर बल देती है। योग एवं ध्यान से मानसिक संतुलन एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है। उन्होंने नैतिक मूल्यों जैसे सत्य, अहिंसा, करुणा, सेवा एवं कर्तव्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला तथा पर्यावरण संरक्षण में भारतीय परम्परा की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेश्मी वाशनीकर द्वारा तथा आभार प्रदर्शन रेणुका वर्मा द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस में प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. महेश चन्द शर्मा ने भारतीय ज्ञान परम्परा एवं वैदिक संस्कृति विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि यह परम्परा ऋषि-मुनियों द्वारा विकसित एक अमूल्य धरोहर है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति की जड़ें वैदिक काल में निहित हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद हमारे प्राचीनतम ग्रंथ हैं। वैदिक संस्कृति में सूर्य, अग्नि एवं वायु जैसे तत्वों को देवतुल्य मानकर सम्मान दिया जाता है तथा सत्य, अहिंसा और नैतिक जीवन पर विशेष बल दिया जाता है। उन्होंने गीता, रामायण एवं महाभारत के माध्यम से जीवन मूल्यों को भी स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन आराधना देवांगन तथा आभार प्रदर्शन अंबिका ठाकुर बर्मन द्वारा किया गया। तृतीय दिवस में मुख्य वक्ता डॉ. मैथलीशरण गुप्ता उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण में कहा कि -जिसके पास ज्ञान है, उसके पास मान है; जिसके पास मान है, वह महान है। मुख्य वक्ता डॉ. गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर व्याख्यान देते हुए योजना (2013) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति (5+3+3+4 संरचना) पर आधारित है तथा इसमें मातृभाषा में शिक्षा, लचीलापन एवं बहुविषयक अध्ययन पर बल दिया गया है।

## स्टाफनर्स सूची जारी, ऑनलाइन दावा आपत्ति आमंत्रित

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, दुर्ग अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु 20 जनवरी 2026 के माध्यम से 03 पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापित पदों स्टॉफ नर्स (PICU/HDU), स्टॉफ नर्स (LMU) एवं Community Health Officer (NHM) पर दावा आपत्ति हेतु प्रारंभिक पात्र- अपात्र एवं अमान्य आवेदनों की सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। जिस हेतु अभ्यर्थी दावा आपत्ति वेबसाइट durg.gov.in में उपलब्ध लिंक https:// govthealth.cg.gov.in/ RecDurgCont2026/ के माध्यम से स्वयं को रजिस्ट्रेशन आई.डी. से लॉग-ईन कर ऑनलाईन के माध्यम से 20 मार्च 2026 से 03 अप्रैल 2026 तक सायं 05.30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी स्वयं की रजिस्ट्रेशन आई.डी. एवं पासवर्ड डालकर लॉग ईन करेंगे तत्पश्चात दावा आपत्ति हेतु उपलब्ध लिंक पर क्लीक कर दावा आपत्ति कर सकेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत अथवा अन्य माध्यम से कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। सकता हैं। विस्तृत जानकारी दुर्ग जिले की वेबसाईट durg.gov.in में देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

# हरी नगर में पानी समस्या पर सख्त महापौर, अधिकारियों के साथ ली अहम बैठक, अवैध टुल्लू पंप पर कार्रवाई के निर्देश

### जल संकट समाधान के लिए निगम सक्रिय, नलों में टोटी लगाने और पाइपलाइन विस्तार पर जोर



दुर्ग। नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 59 हरी नगर में जल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर अलका बाघमार द्वारा जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, देवनारायण चंद्रकार, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद गोविंद देवांगन, शिवेंद्र परिहार सहित संबंधित अधिकारी प्रभारी कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थावनी,सहायक अभियंता गिरीश दिवान, विनोद मांझी,जल कार्य निरीक्षक नारायण सिंह ठाकुर के साथ बैठक ली गई। बैठक में वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की समस्या, अनावश्यक जल बहाव एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वार्ड क्षेत्र में जहां-जहां अनावश्यक रूप से पानी बह रहा है, वहां सार्वजनिक नलों में टोटी लगवाकर पानी की बर्बादी को तत्काल रोका जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पानी की समस्या को प्राथमिकता के साथ लेते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। महापौर ने आगे कहा कि शहर के ऐसे क्षेत्र जहां अब तक पाइपलाइन नहीं पहुंच पाई है, वहां जल्द से जल्द पाइपलाइन विस्तार की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि नलों से टुल्लू पंप लगाकर अवैध रूप से पानी खींचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में पंप जप्त करने के साथ संबंधित नल कनेक्शन को काटा जाएगा और नियमानुसार जुर्माना भी वसूला जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल प्रबंधन को लेकर पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा वार्ड में किसी भी प्रकार की पानी की समस्या लंबित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निगम द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे पानी की बर्बादी न करें और जल संरक्षण में सहयोग प्रदान करें, ताकि सभी को समान रूप से जल उपलब्ध हो सके। महापौर ने कहा कि वर्तमान में गर्मी का मौसम प्रारंभ हो चुका है, इसे ध्यान में रखते हुए शहर के सभी वार्डों में नागरिकों को किसी भी प्रकार की जल समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

## खाद्य विभाग की गोल्डन भारत गैस एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई

दुर्ग। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में पद्मनाभपुर स्थित गोल्डन भारत गैस की निरंतर शिकायतें प्राप्त होने पर खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा 20 मार्च को जांच की गई। खाद्य नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोल्डन गैस एजेंसी एक भागीदार फर्म है जिसके 02 भागीदार मोहन लाल ध्रुव एवं अंशुमन मढरिया है। जांच में भौतिक सत्यापन में स्टॉक में अंतर पाये जाने के आधार पर घरेलु गैस सिलेंडर (14.2 किग्रा) खाली 838 नग एवं भरे 48 नग, व्यावसायिक सिलेंडर (19 किग्रा) खाली 63 नग तथा 5 किग्रा सिलेंडर 22 नग (खाली) भागीदार अंशुमन मढरिया से जप्त किया गया। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले में एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जिले में जनगणना तैयारी तेज, शिक्षकों को बनाया जाएगा प्रगणक-पर्यवेक्षक



दुर्ग। जनगणना-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना कार्य की प्रगति और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनगणना के प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की सूची जल्द तैयार कर प्रस्तुत की जाए, जिसमें 10 प्रतिशत अतिरिक्त रिजर्व स्टाफ भी शामिल किया जाए। उन्होंने इस कार्य के लिए शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों, हेडमास्टरों तथा शासकीय कॉलेजों के स्टाफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी नगरीय निकायों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों, हेडमास्टरों तथा शासकीय कॉलेजों के स्टाफ की ड्यूटी इस कार्य में लगाने को कहा। कलेक्टर ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से जुड़ी जानकारी विस्तार से ली और उनके पदनाम, मोबाइल नंबर, पता सहित सभी आवश्यक विवरण शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी व्यक्ति या परिवार गणना से वंचित नहीं रहना चाहिए। जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) किया जाएगा, जिसमें सभी भवनों और मकानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण ब्लॉक का कार्य 31 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने नगरीय निकायों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों और तहसीलों में चल रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र को सूचीकरण से वंचित न रखा जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त दुर्ग सुमित अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त रिसाली मोनिका वर्मा, नगर निगम आयुक्त भिलाई चरोदा डी.एस. राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, एसडीएम उत्तम ध्रुव, सभी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज व आईटीआई के प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी, सभी तहसीलदार, सभी जोन आयुक्त, सभी स्टेशन मैनेजर, स्टील प्लांट, मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# भिलाई निगम की सख्तीः जलकर वसूली अभियान में 4 लाख रुपये जमा



भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बकाया जलकर की वसूली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत निगम प्रशासन ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 4 लाख रुपये की राशि निगम कोष में जमा कराई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम लगातार बकायेदारों के खिलाफ सक्रिय कार्रवाई कर रही है। टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क किया जा रहा है और उन्हें लंबित जलकर का भुगतान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के दौरान लंबे समय से जलकर बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर चेतावनी भी दी गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जलकर वसूली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर जलकर का भुगतान करें, जिससे दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके और शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की सख्ती से न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारी जे. पी. तिवारी, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक हरिओम गुप्ता सहित वसूली एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निगम की सख्ती रंग लाईः कार्रवाई से पहले ही भरना पड़ा वर्षों का अनुज्ञा शुल्क, 2.25 लाख तत्काल जमा

### तीन नोटिस बेअसर, सीलिंग टीम पहुंचते ही पंजाब बार संचालक ने चुकाया पूरा बकाया



दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देश पर नगर निगम की लाइसेंस शाखा एवं राजस्व विभाग की टीम न्यू बस स्टैंड स्थित पंजाब बार को सीलबंद करने पहुंची। निगम की इस सख्त कार्रवाई के मद्देनज़र बार संचालक में हड़कंप मच गया और सीलबंदी की कार्रवाई से बचने के लिए उसने तत्काल पांच वर्षों का लंबित अनुज्ञा शुल्क, कुल 2 लाख 25 हजार रुपये, मौके पर ही जमा कर दिया। उल्लेखनीय है कि पंजाब बार द्वारा पिछले पांच वर्षों से अनुज्ञा शुल्क जमा नहीं किया गया था। नगर निगम द्वारा इस संबंध में तीन बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन संचालक की ओर से न तो कोई जवाब दिया गया और न ही शुल्क जमा करने की पहल की गई। लगातार अनदेखी के चलते निगम प्रशासन को सख्त कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। जब निगम की टीम सीलबंदी की कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची, तब कार्रवाई के भय से संचालक ने तत्काल बकाया राशि जमा कर दी। इस कार्रवाई से स्पष्ट हो गया कि नगर निगम अब बकायादारों के खिलाफ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की आय से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सभी बकायादारों को समय पर अपने कर एवं अनुज्ञा शुल्क जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाही के दौरान राजस्व निरीक्षक चंदन मनहरे, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, पवन नायक, तिलक नवरंग, आशीष तिवारी, मुकेश पटेल सहित निगम का अमला उपस्थित रहे।

# ग्राम रूही में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस एवं मूर्ति स्थापना हुआ संपन्न, युवाओं ने निकाली बाइक रैली



पाटन। 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम ग्राम रूही में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक लोधी समाज रूही सर्किल पाटन जिला दुर्ग रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा बाईक रैली ग्राम-रूही से प्रारंभ कर झीट, कोपेडीह, सांकरा, खम्हरिया, मोतीपुर, जामगांव (एम) भ्रमणकर किये।जिसका नेतृत्व ग्राम सांकरा के युवा सरपंच रवि सिंगौर ने किया। जिनके बाद लोधी समाज की महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं सामाजिक सदस्यों द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंचीय कार्यक्रम मुख्य अतिथि तौर पर सुरेन्द्र कौशिक (जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्ग) डॉ घनश्याम कौशिक (प्रदेश महामंत्री लोधी समाज) नीलम राजेश चन्द्राकर (सभापति जिला पंचायत दुर्ग) कीर्ति नायक (जनपद अध्यक्ष पाटन), सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर जनपद पाटन, हर्षा लोकमणी चन्द्राकर (जिला उपाध्यक्ष भाजपा दुर्ग) रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेन्द्र कौशिक (अध्यक्ष-पाटन परिक्षेत्र लोधी समाज) ने किया। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच मोनिका पटेल, युवा नेता संजय यदु, कमलेश कुमार सिंगौर (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लोधी समाज) कमलेश्वर वर्मा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोधी समाज) अमर जंघेल (पूर्व प्रदेश महामंत्री लोधी समाज) रामराज वर्मा (सहसंयोजक कृषि प्रकल्प भाजपा छ.ग.) सहित अन्य अतिथि भी कार्यक्रम में शामिल रहे। आयोजक समिति में करण सिंगौर (ईकाई अध्यक्ष लोधी समाज रूही) रामचरण कौशिक (उपाध्यक्ष लोधी समाज रूही) रामकुमार सिंगौर (ईकाई कोषाध्यक्ष लोधी समाज रूही) द्वारिका सिंगौर (कुरहा लोधी समाज पाटन परिक्षेत्र) खुमान सिंगौर (दीवान लोधी समाज पाटन परिक्षेत्र) कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का शाल श्रीफल भेंट कर आभार प्रकट किया।रात्रि में संजू साहू कृत रंग सागर संस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन।

# भिलाई निगम का विशेष बजट सत्र 25 मार्च को, विकास योजनाओं पर होगी विस्तृत चर्चा




भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आगामी वित्तीय वर्ष के बजट को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। निगम का वार्षिक बजट 17 मार्च 2026 को महापौर परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद अब इस पर विस्तृत चर्चा के लिए 25 मार्च को विशेष बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने महापौर नीरज पाल के समक्ष बजट प्रस्तुत करते हुए शहर के समग्र विकास पर जोर दिया। बैठक के दौरान बजट के विभिन्न प्रावधानों और जनहित से जुड़े अहम मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तावित बजट में शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, जल आपूर्ति को सुचारू रखने तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी गई है। निगम प्रशासन का कहना है कि बजट में विकास और जनसुविधाओं के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया गया है। 25 मार्च को आयोजित होने वाले विशेष बजट सत्र में पार्षदों द्वारा बजट के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस दौरान पार्षद अपने सुझाव एवं आपत्तियां भी प्रस्तुत करेंगे, जिसके आधार पर आवश्यक संशोधन कर बजट को अंतिम रूप दिया जाएगा।

निगम प्रशासन को उम्मीद है कि यह बजट शहर के विकास को नई दिशा देने के साथ ही नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# नगर निगम भिलाई में नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर, जलभराव रोकने विशेष अभियान तेज



भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाने के उद्देश्य से नालियों की सफाई का कार्य इन दिनों युद्ध स्तर पर जारी है। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने विशेष सफाई अभियान चलाते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्य शुरू किया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अलग-अलग टीमों का गठन कर वार्डवार नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जा रही है। सफाई कर्मी सुबह से ही मुख्य सड़कों, गलियों एवं बस्तियों में पहुंचकर नालियों में जमी गंदगी को हटाने में जुटे हुए हैं। साथ ही नालियों से निकले कचरे का तत्काल उठाव भी कराया जा रहा है, जिससे पुनः गंदगी फैलने की स्थिति न बने। अभियान के तहत निगम द्वारा आधुनिक मशीनों के साथ-साथ पर्याप्त मानव संसाधन का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सफाई कार्य अधिक प्रभावी और तेज गति से पूरा हो सके। विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर फोकस किया जा रहा है जहां बारिश के दौरान जलभराव की समस्या अधिक देखने को मिलती है। निगम प्रशासन ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे कचरा नालियों में न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। नागरिकों के सहयोग से ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और जलभराव मुक्त बनाया जा सकता है।

# बुढ़ापे में सहारा बनी महतारी वंदन योजना



दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांमहतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण सेक्टर हनोदा अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरई में ढेला बाई यादव इस योजना से लाभान्वित हुई है। परियोजना की पर्यवेक्षक सोनल सोनी ने बताया कि ढेला बाई यादव और उनके पति दोनों की आयु 60 वर्ष से अधिक है और वे अकेले रहते हैं। संतान न होने के कारण उन्हें जीवनयापन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन्हें वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी, जिससे कुछ हद तक आर्थिक मदद मिल रहा था। महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त कर ढेला बाई का जीवन सुरक्षित हो गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सहायता से ढेला बाई का महतारी वंदन योजना में आवेदन कराया गया। इसके बाद फरवरी 2024 से उन्हें हर माह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलने लगी। इस अतिरिक्त राशि से उनके दैनिक जीवन की आवश्यकताएं आसानी से पूरी हो रही हैं। ढेला बाई और उनके पति इस योजना से बेहद खुश हैं। ढेला बाई कहती है कि बुढ़ापे में सहारा बनी यह योजना।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com